





# मोदी के कार्यकाल के 12 वर्ष पूर्ण होने पर कार्यशाला आयोजित

**नवभारत न्यूज**

**दतिया, 31 मई।** भारतीय जनता पार्टी जिले की कार्यशाला का आयोजन आज भारतीय जनता पार्टी कार्यालय पर हुआ सर्वप्रथम पार्टी के पितृ पुरुषों के क्षेत्र पर माल्यार्पण कर कार्यशाला को शुभारंभ किया गया कार्यशाला में मुख्य वक्ता के रूप में अभय प्रताप सिंह यादव उपस्थित रहे।

कार्यशाला की अध्यक्षता भाजपा जिलाध्यक्ष रघुवीर सिंह कुशवाह ने की कार्यशाला में भाजपा जिला महामंत्री अतुल भूरे चौधरी प्रमुख रूप से उपस्थित रहे अध्यक्ष द्वारा विस्तृत रूप से आगामी कार्यक्रमों की रूपरेखा रखें तथा कार्यक्रमों के क्रियान्वयन के लिए बनाई गई टोली का गठन किया और उन सब को जिम्मेदारी सौंपी संभाग प्रभारी ने कार्यशाला में संबोधन करते हुए उन्होंने आगामी समय में आयोजित होने वाले कार्यक्रमों के निमित्त आयोजित कार्यशाला में विस्तारपूर्वक बताया वृक्षारोपण अभियान जनसंपर्क अभियान मीडिया संवाद इत्यादि विषयों पर विस्तार से प्रकाश डाला 5 जून से लेकर 21 जून तक आयोजित होने वाले विभिन्न कार्यक्रमों के बारे में विस्तार से बताया कार्यशाला में प्रमुख रूप से जिले के समस्त भाजपा जिला पदाधिकारी सभी मंडल अध्यक्ष महामंत्री मोर्चा के अध्यक्ष महामंत्री एवं आयोजित होने वाले कार्यक्रमों की टोली के सदस्य प्रमुख उपस्थित रहे।

## करोड़ों की संपत्ति हड़पने वाला आरोपी गिरफ्तार

**उज्जैन.** नानाखेड़ा पुलिस थाना एवं अपराध शाखा ने संयुक्त कार्रवाई कर फर्जी पावर ऑफ अटॉर्नी बनाकर करोड़ों की संपत्ति हड़पने के मामले में दस हजार के इनामी एक आरोपी को गिरफ्तार किया है. फर्जी आधार कार्ड तैयार कर धोखाधड़ी में सहयोग करने वाला आरोपी लंबे समय से फरार था अपराध शाख पुलिस टीम और नानाखेड़ा पुलिस की संयुक्त कार्रवाई से आरोपी को गिरफ्तार किया जा सका. पुलिस ने बताया कि 18 अक्टूबर 2025 को मोहन नागर द्वारा थाना नानाखेड़ा पर शिकायत दर्ज कराई और उनकी बहन सत्यभामा नागर के स्वामित्व वाले प्लॉट वेदनगर को हड़पने के उद्देश्य से आरोपी कैलाश ने कूटरचित दस्तावेज तैयार कर निष्पादित कार्रवाई की.

# सनकुआं में डूबने से अज्ञात व्यक्ति की मौत

### पुलिस जांच में जुटी, पहचान के प्रयास जारी

**नवभारत न्यूज**

**दतिया, 31 मई।** दतिया जिले के सेवढ़ा थाना क्षेत्र स्थित सनकुआं में नहाने के दौरान एक अज्ञात व्यक्ति की डूबने से मौत हो गई। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू कर दी। मृतक की अभी तक पहचान नहीं हो सकी है। पुलिस द्वारा शव की शिनाख्त के प्रयास तेज कर दिए गए हैं।

मृतक की पहचान होने पर नागरिक एसडीओपी अजय चानना (7354077773) या थाना प्रभारी डीपार यादवेन्द्र सिंह गुर्जर (9575463962) से संपर्क कर सकते हैं।


प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि करीब 40 वर्षीय एक व्यक्ति अचानक दौड़ते हुए घाट की ओर आया और गौमुख के पास पहुंचकर सीधे सिंध नदी में कूद गया। घटना को देख घाट पर मौजूद लोगों में हड़कंप मच गया। सूचना मिलते ही मौके पर मौजूद आपदा प्रबंधन दल के सदस्य सक्रिय हुए और तत्काल रेस्क्यू शुरू किया। काफी प्रयास के बाद युवक को नदी से बाहर निकाला गया, लेकिन तब तक उसकी मौत हो चुकी थी। पुलिस ने बताया कि प्रथम दृष्टया मामला आत्महत्या का प्रतीत हो रहा है।

फिलहाल मृतक की शिनाख्त नहीं हो सकी है। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है तथा पहचान और घटना के कारणों का पता लगाने के लिए जांच शुरू कर दी है।

### सनकुआ पर एक माह में डूबने की घटनाएं बढ़ीं

**सेवढ़ा, 31 मई।** दतिया जिले के सेवढ़ा में स्थित प्रसिद्ध तीर्थ सनकुआ धाम पर इन दिनों जहां पर्यटकों का आगमन बढ़ा है वहीं किसी न किसी के नदी में डूबने की घटनाएं भी दिन प्रतिदिन बढ़ रही हैं। मई माह मे लगभग एक दर्जन से अधिक घटनाएं सामने आई हैं जिनमें कुछ लोगों को बचा लिया गया बाकी चार लोगों की मौतें हो चुकी हैं। स्थानीय प्रशासन नगरीय प्रशासन के इंतजाम नाकाफी हैं। नदी के घाटों पर न तो जंजीरें डरीं हैं न सांकेतिक बोर्ड लगे हैं न हि आपदा-प्रबंधन की स्थाई नियुक्ति है। रविवार की दोपहर भी एक अज्ञात व्यक्ति नदी में डूबकर मर गया। थाना डीपार पुलिस ने मर्ग कायम कर पीएम कराया।





# महिला मोर्चा की प्रदेश अध्यक्ष ने किए पीतांबरा माई के दर्शन

**नवभारत न्यूज**

**दतिया, 31 मई।** भारतीय जनता पार्टी महिला मोर्चा की प्रदेश अध्यक्ष अश्वनी परांजपे अल्प प्रवास पर दतिया पहुंची इसके पश्चात उन्होंने मां पीतांबरा के दर्शन कर भगवान वनखंडेश्वर भोलेनाथ का जल अभिषेक कर पूजा अर्चना की। इस अवसर पर उनके साथ प्रदेश महामंत्री ज्योति सिंह उपस्थिति रही भारतीय जनता पार्टी कार्यालय पर भाजपा जिला अध्यक्ष रघुवीर सिंह कुशवाहा, भाजपा जिला महामंत्री अतुल भूरे चौधरी के नेतृत्व में महिला मोर्चा की बहनों ने महिला मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष अश्विनी प्रांरजपे का भाजपा जिला कार्यालय पर शाल श्रीफल और पुष्पमाला पहनाकर स्वागत वंदन अभिनंदन किया।

इसके पश्चात महिला मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष बहिन अश्विनी प्रांरजपे पूर्व गृहमंत्री डॉ नरोत्तम मिश्रा के माई कृपा निवास पर पहुंचकर पूर्व मंत्री डॉ. नरोत्तम मिश्रा से मुलाकात की इस अवसर पर भारतीय जनता पार्टी के समस्त उपस्थित रहे।



# नि:शुल्क शिविर में 128 मरीजों ने कराई जांच

**नवभारत न्यूज**

**दतिया, 31 मई।** शहर के प्रतिष्ठित चिकित्सक डॉ. हेमंत कुमार जैन के क्लिनिक पर रविवार को आयोजित नि:शुल्क स्वास्थ्य परामर्श एवं फाइब्रोस्कैन शिविर सेवा और समर्पण का उदाहरण बनकर संपन्न हुआ। इस शिविर में कुल 128 मरीजों ने अपनी स्वास्थ्य समस्याओं की जांच कराई और विशेषज्ञ परामर्श प्राप्त किया। शिविर की मुख्य विशेषता लिवर की गंभीर बीमारियों का पता लगाने के लिए अत्याधुनिक फाइब्रोस्कैन मशीन द्वारा की गई नि:शुल्क जांच रही।

उन्होंने कहा कि आजकल की जीवनशैली और खान-पान में बदलाव के कारण लिवर संबंधित समस्याएं तेजी से बढ़ रही हैं। इस शिविर का उद्देश्य आम जनता को अपनी सेहत के प्रति जागरूक करना और समय रहते बीमारियों का पता लगाना था। शिविर की सफलता में स्थानीय निवासियों का विशेष सहयोग रहा। इस आयोजन को सुचारू रूप से संपन्न कराने में सोनू, नरेंद्र कुशवाह, अनिल, मयंक, धीरज, जीतू और समाजसेवी कौशल पाठक की सक्रिय भूमिका रही। डॉ. हेमंत जैन ने सभी स्वयंसेवकों और मरीजों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि जनसेवा ही ईश्वर की सबसे बड़ी आराधना है और भविष्य में भी वे ऐसी स्वास्थ्य सेवाओं के लिए प्रतिबद्ध रहेंगे।

# तंबाकूमुक्त संदेश लेकर जिले में निकला जागरूकता रथ

**नवभारत न्यूज**

**दतिया, 31 मई।** विश्व तंबाकू निषेध दिवस के अवसर पर 31 मई को जिला प्रशासन दतिया द्वारा तंबाकू एवं नशा मुक्ति के प्रति जनजागरूकता फैलाने के उद्देश्य से विशेष नशा मुक्ति जागरूकता रथ निकाला। कलेक्टर श्री स्वप्निल वानखड़े ने जागरूकता रथ को हरी झण्ड़ी दिखाकर रवाना करते हुए तंबाकू मुक्त दतिया के निर्माण का संदेश दिया।

उन्होंने कहा कि हमें अपने आप और आसपास से नशा मुक्त का कार्य शुरू करना चाहिए। नशा मुक्ति जागरूकता रथ जिले के विभिन्न ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्रों में भ्रमण कर आमजन को तंबाकू सेवन से होने वाले दुष्प्रभावों के प्रति जागरूक करेगा। रथ के माध्यम से नशा मुक्ति संकल्प पत्र, शपथ पत्र एवं जनजागरूकता विषयक पंपलेट वितरित किए जाएंगे तथा नागरिकों को नशामुक्त समाज के निर्माण हेतु प्रेरित किया जाएगा।

उन्होंने कहा कि तंबाकू सेवन न केवल व्यक्ति के स्वास्थ्य को गंभीर रूप से प्रभावित करता है, बल्कि उसके परिवार, समाज एवं पारिवारिक आर्थिक स्थिति पर भी प्रतिकूल प्रभाव डालता है। उन्होंने कहा कि तंबाकू और अन्य नशीले पदार्थ अनेक गंभीर बीमारियों का कारण बनते हैं तथा युवाओं को इनके दुष्प्रभावों से बचाने के लिए सामूहिक प्रयास आवश्यक हैं। उन्होंने सभी नागरिकों से तंबाकू मुक्त जीवन अपनाने तथा अपने आसपास के लोगों को भी इसके लिए प्रेरित करने का आह्वान किया।



इस अवसर पर उपस्थित नागरिकों, युवाओं एवं सामाजिक कार्यकर्ताओं ने नशा मुक्त समाज के निर्माण हेतु सामूहिक संकल्प लिया। कार्यक्रम के दौरान तंबाकू छोड़ें, जीवन जोड़ें, जीवन अनमोल है, तंबाकू का कोई मोल नहीं, नशा मुक्त दतिया स्वस्थ दतिया तथा तंबाकू को कहो ना, स्वस्थ जीवन को कहो हाँ जैसे प्रेरणादायक नारों के माध्यम से जनजागरूकता का संदेश दिया गया। कार्यक्रम मुख्य उद्देश्य युवाओं एवं समाज के सभी वर्गों को तंबाकू, शराब एवं अन्य मादक पदार्थों के सेवन से होने वाले स्वास्थ्य, सामाजिक एवं आर्थिक दुष्प्रभावों के प्रति जागरूक करना है।



# श्रीमद् भागवत कथा रूपी ज्ञान अमृत को जीवन में उतारें : घनश्याम सिंह

**नवभारत न्यूज**

**दतिया, 31 मई।** श्रीमद भागवत कथा रूपी ज्ञान अमृत को अपने जीवन में उतारें, धर्म से जुड़कर ही व्यक्ति अपना व परिवार का कल्याण कर सकता है। वर्तमान समय में व्यक्ति भौतिक सुख-सुविधाओं को जुटाने के लिए अंधी दौड़ में शामिल हैं, ऐसे में जब कठिन समय आता हैं तब धर्म ही व्यक्ति का एकमात्र सहारा बनता है। यह विचार सेंवढ़ा विधानसभा क्षेत्र के पूर्व विधायक घनश्याम सिंह ने ग्राम खेरोना निमोना के खेड़ापति सरकार मंदिर पर आयोजित संगीतमयी श्रीमद् भागवत कथा सप्ताह ज्ञान यज्ञ कार्यक्रम में उपस्थित जन समुदाय को संबोधित कर व्यक्त किए।

उन्होंने कहा कि मुझे विश्वास है की श्रीमद भागवत कथा रूपी ज्ञान गंगा से आप लोगों को कुछ ना कुछ तो लाभ अवश्य होगा। कार्यक्रम के आरंभ में श्री सिंह ने श्रीमद् भागवत कथा ग्रँथ को नमन कर कथा व्यास कौशल तिवारी महाराज का पुष्पहार पहनाकर स्वागत कर आशीर्वाद प्राप्त किया। कार्यक्रम में कथा पारीछत शैलेंद्र सिंह सोमवंशी, राजेंद्र सिंह सोमवंशी एवं कथा आयोजन समिति के सदस्यों ने पूर्व विधायक श्री सिंह का फील माला पहनाकर, शॉल ओढ़ाकर, श्रीफल भेंटकर आत्मीय स्वागत किया।



# हमने अपने शासन में लगातार विकास के कार्य किए : डॉ. मिश्रा

**नवभारत न्यूज**

**बसई, 31 मई।** ग्राम पंचायत बसई परिसर में शनिवार को स्वस्थ विभाग व्दारा आयुष्यमान वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रुप में मध्यप्रदेश शासन के पूर्व ग्रह मंत्री डॉ. नरोत्तम मिश्रा के कर कमलों के द्वारा कार्यक्रम की शुरुवात की गई कार्यक्रम में स्वस्थ विभाग द्वारा हर गांव व पंचायत का नाम लिखा गया विभाग व्दारा हर एक नाम के नीचे कर्मचारी को बैठाया गया। कार्यक्रम में 5 हजार 35 आयुष्मान वितरण किए गए इस बीच मंत्री ने कहा कि हमने अपने शासन काल में लगातार विकाश के कार्य किए हैं। लेकिन उन्होंने ढाई साल में भवनों की पुताई तक नहीं करा सके हमने दतिया का नाम देश ऊचा किया उन्होंने गलत काम करके जेल जाकर दतिया का नाम दिया हम हमेशा अपने कार्यकाल में विधानसभा में सबसे पहले काम लाने का कार्य करते रहे हैं वहीं हमारी भाजपा सरकार ने लाडली बहिनों को खातों में पैसे देने के साथ मुफ्त राशन जैसी कई योजानाओ का लाभ सीधा दिया जा रहा हैं वहीं कार्यक्रम के बीच में जन समस्याओ की सुनवाई करते हुए निराकरण किया गया कार्य क्रम के बाद भेरारेश्वर धाम पर चल भाग कथा में सम्मिलित हुए इस कार्यक्रम में अतुल भूरे चौधरी, बसई मण्डल पीताराम लोधी आदि मौजूद रहे।

# अवैध मादक पदार्थों की जानकारी के प्रति जागरूक किया : डीएसपी

**दतिया, 31 मई।** पुलिस एवं आमजन के मध्य बेहतर समन्वय स्थापित करने तथा समाज में जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से आज एसडीओपी दतिया आकांक्षा जैन द्वारा थाना कोतवाली क्षेत्र के झांसी चुंगी में जनसंवाद कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस दौरान क्षेत्रीय नागरिकों से संवाद कर उनकी समस्याएं एवं सुझाव सुने गए तथा उनके निराकरण हेतु आवश्यक कार्यवाही का आश्वासन दिया गया। साथ ही आमजन को कानून-व्यवस्था, नशा मुक्ति एवं अवैध मादक पदार्थों के दुष्प्रभावों के संबंध में जागरूक किया गया। उन्होंने बताया कि नशा व्यक्ति, परिवार एवं समाज के लिए घातक है तथा युवाओं के भविष्य को प्रभावित कर अपराधों को बढ़ावा देता है। उन्होंने नागरिकों से अपील की कि अवैध मादक पदार्थों के सेवन, भंडारण, परिवहन अथवा विक्रय संबंधी किसी भी जानकारी की सूचना तत्काल पुलिस को दें। कार्यक्रम में नागरिकों को आपातकालीन स्थिति में डायल-112 एवं अन्य पुलिस हेल्पलाइन सेवाओं की जानकारी भी दी गई तथा आश्वस्त किया गया कि प्राप्त सूचनाओं पर त्वरित कार्यवाही होती है और व्यक्तिगत जानकारी को गोपनीयता रखा जाता है।



# उनाव बालाजी में वित्तीय साक्षरता का हुआ आयोजन

**नवभारत न्यूज**

**दतिया, 31 मई।** दतिया जिले में आरोही फाउंडेशन की सहयोग से जिले के छोटे से छोटे ग्राम में हुआ वित्तीय साक्षरता का आयोजन संजना कुशवाहा के द्वारा वित्तीय साक्षरता की कई जानकारी दी गई वित्तीय साक्षरता कैंप में ग्राम की महिलाएं उपस्थिति रही तथा ग्राम पंचायत उनाव अंतर्गत उनाव पंचायत के सचिव रामजीवन दांगी के द्वारा वित्तीय साक्षरता का आयोजन किया गया जिसके मुख्य अतिथि कीर्ति ध्वज एवं दिनेश सिंह रहे। असिस्टेंट काउंसलर वित्तीय साक्षरता आरोह फाऊंडेशन संतोष कुमार रहे वहीं कार्यक्रम की अध्यक्षता श्रीमती संजना कुशवाहा ने किया विशिष्ट अतिथि के तौर पर सरोज तिवारी उपस्थित रहे कार्यक्रम के मुख्य अतिथि रहे कीर्ति ध्वज ने सबसे पहले उपस्थित जनता का अभिवादन किया सरकार द्वारा संचालित बैंकिंग योजनाओं को बिंदु बार जानकारी दी।

उन्होंने कहा कि वर्तमान में सरकार की ऐसी व्यवस्थाएं हैं कि किसी भी योजना का लाभ डायरेक्ट हितग्राही के खाते में जाता है इसलिए बैंक में खाता होना अति आवश्यक है अधिकतर लोगों का खाता भी खुला हुआ है परंतु केवाईसी नॉमिनी और मोबाइल नंबर ना होने की वजह से कुछ दिक्कतें सामने आती हैं




इसलिए सबसे विशेष आग्रह है कि जिस का जो बैंक में खाता हो वहां जाकर अपनी केवाईसी अवश्य चेक कर लें यदि वहां नहीं हुई हो तो तुरंत हो जाएगी और वह पूरी तरह से फ्री है उसका कोई चार्ज नहीं लिया जाएगा इसी तरह से खाते में नॉमिनी के महत्व के बारे में बताया गया बहुत से ऐसे लोग हैं कि खाते में नॉमिनी ना होने की वजह से जब किसी की मृत्यु हो जाती है तो परिवार को पैसे लेने में काफी मशक्कत करनी पड़ती है इसलिए समय रहते नॉमिनी का फॉर्म अवश्य भर दें ताकि जब ऐसी समस्या ना रहे तो बिना किसी प्रक्रिया के नॉमिनी के खाते में पूरी राशि ट्रांसफर हो जाएगी।

इसी तरह से मोबाइल के संबंध में भी लोगों को बताया गया कि अपने-अपने खाते में मोबाइल नंबर जरूर दर्ज कर दें ताकि आपके अकाउंट की पूरी जानकारी समय-समय पर प्राप्त होती रहे सरकार द्वारा जन सुरक्षा अभियान बताया जा रहा है जिसके तहत प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा और प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा की व्यवस्था हर बैंकों में की गई है 18 वर्ष से 70 वर्ष के बीच के हर महिला पुरुष प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा अपने बैंक से कर सकते हैं साल भर में मात्र 20 रुपये खाते से कटती है और 2 लाख का दुर्घटना बीमा मिलता है जो की एक समय गरीब के लिए बहुत बड़ी मदद है प्रधानमंत्री जीवनज्योति बीमा 18 वर्ष से 50 वर्ष के बीच के हर महिला पुरुष अपने बैंक से जुड़कर ले सकते हैं साल भर में 436 रुपए कटते है और सामान्य मृत्यु होने पर 2 लाख नॉमिनी को मिलती है।

इसी तरह से अटल पेंशन योजना जिसको बुढ़ापे की लाठी कहा जाता है 18 वर्ष से 40 वर्ष के बीच हर महिला पुरुष कर सकते हैं और 60 वर्ष तक पैसे देने होती है और उसके बाद पैसा देने के बाद पेंशन चालू जब तक आवेदक जीवित रह रहा तथा पेंशन मिलेगी इसके बाद नॉमिनी को उतने ही पेंशन मिलेगी और दोनों लोगों को मृत्यु होने के पश्चात 2 लाख उनके बच्चों को दिए जाएंगे। उपस्थित रही सभी महिलाओं को गांव में सभी योजनाओं के बारे में जानकारी देने के लिए बोला जिससे सभी को मिलने बाली सभी योजनाओं का लाभ मिल सके। कार्यक्रम में सुनील पंडा,राजकुमार पंडा,रीना, बंदना, प्रीती सहित बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

# 90 हजार छात्रों ने की ऑनलाइन काउंसलिंग

### दूसरे दौर के लिए 3 जून तक रजिस्ट्रेशन का मौका

## 07 जून को जारी होगी चयनित विद्यार्थियों की सूची

**नवभारत प्रतिनिधि**

**भोपाल, 31 मई. प्रदेश के सरकारी और निजी कॉलेजों में उच्च शिक्षा विभाग द्वारा आयोजित ऑनलाइन काउंसलिंग के पहले चरण की प्रक्रिया पूरी कर ली गई है.**

वहीं आधिकारिक आंकड़ों के अनुसार पहले चरण की अंतिम तारीख 26 मई तक प्रदेश भर के कॉलेजों में कुल 90 हजार 590 विद्यार्थियों ने दाखिला ले लिया है. इसमें स्नातक पाठ्यक्रमों में कुल 73 हजार 990 छात्रों ने और स्नातकोत्तर पाठ्यक्रमों में 17 हजार 592 उम्मीदवारों ने सरकारी और निजी कॉलेजों में अपनी सीटें पक्की की हैं. वहीं केंद्रीयकृत ऑनलाइन काउंसलिंग के इस पहले दौर में विभाग द्वारा सरकारी और निजी संस्थानों को मिलाकर कुल 1 लाख 32 हजार 190 छात्रों को कॉलेज आवंटित किए गए थे. जिसमें स्नातक स्तर पर 1 लाख 7 हजार 75 और परास्नातक स्तर पर 25 हजार 123 छात्र शामिल थे.

पहले चरण की ऑनलाइन प्रवेश काउंसलिंग समाप्त होने के बाद उच्च शिक्षा विभाग ने अब दूसरे दौर की काउंसलिंग के लिए रजिस्ट्रेशन विंडो खोल दी है. जिसके लिये छात्र 3 जून तक नए सिरे से पंजीकरण कराने और अपनी चॉइस फिलिंग में बदलाव कर सकते हैं.

बता दें दूसरे चरण की अलॉटमेंट लिस्ट 7 जून को जारी की जाएगी. जिसमें चुने गए उम्मीदवारों को 13 जून से पहले फीस जमा कर अपना दाखिला कन्फर्म करना होगा. जो छात्र पहले चरण में आवंटित किए गए कॉलेजों से संतुष्ट नहीं हैं, वे भी दूसरे दौर की काउंसलिंग में हिस्सा ले सकते हैं. इसके लिए उन्हें कियोस्क केंद्रों के माध्यम से अपना पुराना अलॉटमेंट कैंसिल कराना होगा और ऑनलाइन संशोधित चॉइस फिलिंग जमा करनी होगी.

### विषय बदलने के लिए देने होंगे इंटरव्यू

उच्च शिक्षा विभाग ने पहले और दूसरे चरण के बाद तीसरे चरण की प्रवेश प्रक्रिया की घोषणा भी कर दी है. जो कॉलेज लेवल काउंसलिंग यानी सीएलसी राउंड के जरिए होगी. बता दें सीएलसी के लिए रजिस्ट्रेशन 8 जून से शुरू होकर 19 जून तक चलेंगे. इसके बाद कॉलेज 23 जून को अपनी मेरिट लिस्ट जारी करेंगे. जिसमें चयनित छात्रों को 30 जून तक फीस जमा करनी होगी. इसके अलावा जो छात्र यूजी और पीजी पाठ्यक्रमों में अपने विषयों को बदलना चाहते हैं, वे अपने संबंधित जिलों के निर्धारित लीड कॉलेजों में एक छोटे से इंटरव्यू में शामिल होकर पात्रता प्रमाण पत्र प्राप्त कर सकते हैं.